4 SEM TDC HINH (CBCS) C 10

2025

(May/June)

HINDI

(Core)

Paper : C–10

(हिन्दी कहानी)

Full Marks : 80

Pass Marks : 32

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'उसने कहा था' कहानी का कहानीकार कौन है?

(ख) 'पूस की रात' कहानी के प्रमुख पुरुष-पात्र का नाम क्या है?

(ग) चंपा कहाँ की रहने वाली थी?

(घ) 'पाजेब' कहानी किस पृष्ठभूमि पर लिखी गई है?

(ङ) मोहन राकेश का वास्तविक नाम क्या है?

(च) 'तीसरी कसम' कहानी किसके जीवन को लक्ष्य करके लिखी गई है?

(छ) सिद्धेश्वरी किस कहानी की पात्र है?

(ज) 'सिक्का बदल गया' कहानी कब प्रकाशित हुई थी?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) 'उसने कहा था' कहानी का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ख) 'पाजेब' कहानी की मूल संवेदना पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ग) "'मलबे का मालिक' कहानी देश-विभाजन की त्रासदी का जीवंत दस्तावेज है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(घ) 'दोपहर का भोजन' कहानी का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) "'पूस की रात' कहानी भारतीय किसान के मजदूर बनने की त्रासदी की ओर संकेत करती है।" समीक्षा कीजिए।

(च) हीरामन कौन है? उसने कौन-सी तीन कसमें खायी थीं?

(छ) "'आकाशदीप' ऐतिहासिक धरातल पर आधारित कहानी है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) "मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं। समय की धुंध बिल्कुल उनपर से हट जाती है।"

(ख) "मर मर काम करो उपज हो तो बाकी दे दो चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आये।"

(ग) "तुम न जाने कैसे एक बहकी हुई तरिका के सामने मेरे शून्य में उदित हो गई हो। आलोक की एक कोमल रेखा इस निविड़तम में मुस्कुराने लगी। पशुबल और धन के उपासक के मन में किसी शांत और एकांत कामना की हँसी खिल-खिलाने लगी पर मैं न हँस सका।"

(घ) "भरा पूरा घर छोड़कर गया था और आज यहाँ यह मिट्टी देखने आया हूँ। बसे घर की आज यही निशानी रह गयी है। तू सच पूछे तो मेरा यह मिट्टी भी छोड़कर जाने को मन नहीं करता।"

(ङ) प्यार ने जोर मारा एक बार घूम-फिरकर पूरा घर क्यों न देख आयी मैं? जी छोटा हो रहा है, पर जिनके सामने हमेशा बड़ी बनी रही उनके सामने वह छोटी न होगी, इतना ही ठीक है।"

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 11×4=44

(क) कहानी-कला की दृष्टि से 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'पूस की रात' कहानी के आधार पर हल्कू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) "हीरामन एक सरल और ईमानदार गाड़ीवान, जो प्रेम और त्याग की भावना से भरा है।" इस कथन के आधार पर हीरामन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) मोहन राकेश का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) 'आकाशदीप' कहानी की कथावस्तु लिखिए।

(च) ''दोपहर का भोजन' कहानी में निम्न मध्यवर्गीय जीवन की त्रासदी का मार्मिक चित्रण है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(छ) '''पाजेब' कहानी में बाल-मनोविज्ञान का सजीव परिचय मिलता है।'' पठित पाठ के आधार पर समीक्षा कीजिए।

★★★